# UGC NET PAPER 3 JUNE 28, 2015 SHIFT 1 PSYCHOLOGY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Which of the following is an application of operant conditioning ?

(1) Aversive conditioning (2) Behaviour modification

(3) Systematic desensitization (4) Transfer of learning

**2.** The basic assumptions of Humanistic approach :

(a) People are naturally striving to be creative and happy.

(b) It is possible to specify an universal set of values that will provide people with moral anchor enabling them to decide what is right or wrong and good or bad.

(c) It believes in uniqueness of individuals and they should be trained to realise their inner potentials.

(d) All the innate potentials and growth mechanisms can be studied scientifically similar to natural success.

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (b) and (d) (4) (c) and (d)

**3.** Deductive and inductive reasoning refers to :

(a) Universal to universal (b) Universal to particular

(c) Particular to particular (d) Particular to universal

**Codes :**

(1) (a), (b) (2) (c), (a) (3) (b), (d) (4) (d), (c)

**4.** According to Wallas creative performance completes through following sequence :

(1) Preparation → Illumination → Incubation → Verification

(2) Problem funding → Problem Identification → Incubation → Insight

(3) Problem identification → Preparation → Incubation → Illumination

(4) Preparation → Incubation → Illumination → Verification

Prepp
Your Personal Exams Guide

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** निम्नलिखित में से कौन नैमित्तिक अनुबन्धन का अनुप्रयोग है ?

(1) विकर्षणात्मक अनुबन्धन (2) व्यवहार–परिमार्जन

(3) व्यवस्थित नि:संवेदीकरण (4) अधिगम–अन्तरण

**2.** मानववादी उपागम की आधारभूत अवधारणा :

(a) लोग स्वाभाविक रूप से सृजनशील और खुश रहने का प्रयास कर रहे हैं।

(b) ऐसे मूल्यों का वैश्विक सैट विनिर्दिष्ट करना संभव है जो लोगों को नैतिक संबल दे सके ताकि वे ये निर्णय कर पाने में सक्षम हो सकें कि क्या सही है और क्या गलत तथा क्या अच्छा है और क्या बुरा।

(c) यह व्यक्ति की अद्वितीयता में विश्वास करता है और उन्हें अपनी भीतरी संभावनाओं की पहचान करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

(d) सभी अर्जित क्षमताओं तथा वृद्धि तंत्रों का अध्ययन प्राकृतिक विज्ञान के समान वैज्ञानिक रूप से किया जा सकता है।

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (b) और (d) (4) (c) और (d)

**3.** निगमनात्मक से आगमनात्मक तर्क का आशय है :

(a) सार्वभौम से सार्वभौम (b) सार्वभौम से विशिष्ट

(c) विशिष्ट से विशिष्ट (d) विशिष्ट से सार्वभौम

**कूट :**

(1) (a), (b) (2) (c), (a) (3) (b), (d) (4) (d), (c)

**4.** वाल्स के अनुसार सृजनात्मक निष्पादन को निम्नलिखित क्रम में पूरा किया जाता है :

(1) तैयारी $\rightarrow$ प्रकाशन $\rightarrow$ अंत:पोषण $\rightarrow$ सत्यापन

(2) समस्या का पता लगाना $\rightarrow$ समस्या की पहचान करना $\rightarrow$ अंत:पोषण $\rightarrow$ अंतर्दृष्टि

(3) समस्या का पता लगाना $\rightarrow$ तैयारी $\rightarrow$ अंत:पोषण $\rightarrow$ प्रकाशन

(4) तैयारी $\rightarrow$ अंत:पोषण $\rightarrow$ प्रकाशन $\rightarrow$ सत्यापन

5. Read each of the following two statements :

**Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Gf and Gc correlate positively with each other across the age levels but with moderate magnitude.

**Reason (R) :** Gf and Gc have different growth patterns. Gc grows rapidly in childhood and adolescence whereas Gf grows rapidly during adulthood.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is **not** the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

6. In absorptive phase of energy metabolism, what is the position of insulin and glucagon hormones ?

(a) High insulin (b) High glucagon

(c) Low insulin (d) Low glucagon

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (b) and (d) (3) (c) and (d) (4) (a) and (d)

7. Pygmalion effect is :

(1) Exceptional fall in the performance of a student as a result of teacher's expectations

(2) Exceptional progress made by a student as a result of teacher's expectations

(3) Exceptional fall in the performance of a student because of peer competition

(4) Exceptional progress made by a student as a result of peer competition

8. Which one of the following semantic dimensions are measured by the "semantic differential scale" ?

(1) Evaluation and potency (2) Potency and action

(3) Evaluation and action (4) Evaluation, potency and action

9. Conversion Disorder (Hysteria) is now placed in the category of :

(1) Anxiety Disorders

(2) Anxiety related Disorders

(3) Somatoform Disorders

(4) Psychological Factors Affecting Physical conditions

5. निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** Gf तथा Gc सभी आयु वर्ग में एक दूसरे से सकारात्मक रूप से, पर औसत परिमाप में सहसम्बन्धित होते हैं।

**तर्क (R) :** Gf तथा Gc के विभिन्न विकास प्रतिमान हैं। Gc का बचपन में तथा किशोरावस्था में तेजी से विकास होता है जबकि Gf का वयस्कावस्था में तेजी से विकास होता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या **नहीं** है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

6. ऊर्जा चयापचय के अन्तर्लयी चरण में इंसुलिन और ग्लूकागान हार्मोनों की स्थिति क्या होती है ?

(a) उच्च इंसुलिन (b) उच्च ग्लूकागान

(c) कम इंसुलिन (d) कम ग्लूकागान

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (b) और (d) (3) (c) और (d) (4) (a) और (d)

7. पिगमेलियन प्रभाव है :

(1) शिक्षक की अपेक्षाओं के परिणामस्वरूप किसी छात्र के निष्पादन में आपवादिक कमी

(2) शिक्षक की अपेक्षाओं के परिणामस्वरूप किसी छात्र द्वारा की गई आपवादिक प्रगति

(3) समान प्रतिस्पर्धा के कारण किसी छात्र के निष्पादन में आपवादिक कमी

(4) समान प्रतिस्पर्धा के कारण किसी छात्र द्वारा की गई आपवादिक प्रगति

8. ''शब्दार्थ-विभेदक-मापनी'', निम्नलिखित में से किन शब्दार्थ विमाओं का मापन करता है ?

(1) मूल्यांकन तथा अन्त:शक्ति (2) अन्त:शक्ति तथा क्रिया

(3) मूल्यांकन तथा क्रिया (4) मूल्यांकन, अन्त:शक्ति तथा क्रिया

9. कनवर्जन डिसआर्डर (हिस्टीरिया) को अब निम्नलिखित किस श्रेणी में रखा जाता है ?

(1) दुश्चिंता विसंगति

(2) दुश्चिंता से जुड़ी विसंगतियाँ

(3) शारीरिक स्वरूप विसंगति

(4) भौतिक स्थितियों को प्रभावित करने वाले मनोवैज्ञानिक कारक

10. Suppose Merry wants to know if she can learn Spanish by playing some language tapes while she sleeps. Her question concerns the general topic of ________ and according to the text, the answer would most likely be ________.

(1) Subliminal perception; may be (2) Signal detection; no

(3) Subliminal perception; no (4) Signal detection; may be

11. Read each of the following two statements :

**Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below.

**Assertion (A) :** In the randomized two-group design, if the mean difference between the two groups is analysed both by t and F tests, F is always larger than t.

**Reason (R) :** In the randomized two group design, the $t^2 = F$.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is **not** the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

12. Which one of the following laid down the social foundation of organizational behaviour ?

(1) Viteles (2) Munsturberg (3) Taylor (4) Mayo

13. Which theories of personality are considered third-force-movement in contemporary Psychology ?

(1) Psycho analysis (2) Behaviouristic

(3) Humanistic/Existential (4) Cognitive

14. Read each of the following two statements :

**Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Ego-involved learners are driven by performance goals.

**Reason (R) :** Ego-involved learners are preoccupied with them serves and are concerned with their evaluation by others.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is **not** the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

10. मान लीजिए मैरी भाषा टेप्स सुनकर स्पैनिश भाषा नींद के दौरान सीखना चाहती है। उसकी यह समस्या किस शीर्षक से सम्बन्धित है तथा इसका सम्बावित उत्तर क्या होगा ?

(1) उपदेहलीय प्रत्यक्षीकरण ; हो सकता है।
(2) संकेत संज्ञापन ; नहीं
(3) उपदेहलीय प्रत्यक्षीकरण ; नहीं
(4) संकेत संज्ञापन ; हो सकता है।

11. निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** यादृच्छिकीकृत दो-समूह अभिकल्पों में यदि दो समूहों के बीच में 'मीन डिफरन्स' का मूल्यांकन t तथा F परीक्षणों द्वारा किया जाता है, तो t हमेशा F से बड़ा होगा।

**तर्क (R) :** यादृच्छिकीकृत दो समूह अभिकल्पों में $t^2 = F$.

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या **नहीं** है।
(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

12. निम्नलिखित में से किसने संगठनात्मक व्यवहार की सामाजिक आधारशिला रखी थी ?

(1) वाइटलीज़ (2) मन्सटरबर्ग (3) टेलर (4) मेयो

13. व्यक्तित्त्व के कौन से सिद्धांत को समकालिक मनोविज्ञान में थर्ड फोर्स मूवमेंट माना गया है ?

(1) मनोविश्लेषण
(2) व्यवहारवादी
(3) मानवतावादी/अस्तित्त्वपरक
(4) संज्ञानात्मक

14. निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** अहम रखने वाले शिक्षार्थी, निष्पादन लक्ष्यों से प्रेरित होते हैं।

**तर्क (R) :** अहम रखने वाले शिक्षार्थी पूर्वाग्रही होते हैं और दूसरों के द्वारा अपने मूल्यांकन को लेकर चिंतित रहते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या **नहीं** है।
(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** According to Piaget, which is the primary motivating force behind development :

(1) Accommodation (2) Assimilation (3) Equilibration (4) Adaptation

**16.** Read each of the following two statements :

**Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Method of loci helps keeping memories intact and retrievable.

**Reason (R) :** Familiar loci are already organized in our long term memories.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is **not** the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**17.** Which one of the following biases play important role in stereotyping and prejudice ?

(1) False consensus (2) Illusory correlation

(3) Priming (4) Confirmation

**18.** Which of the following glands does secrete sex steroids that are released by the gonads ?

(1) Adrenal medulla (2) Anterior pituitary

(3) Adrenal cortex (4) Pancreas

**19.** Which one of the following was not an assumption of the foundation of "Scientific Management" propounded by Taylor ?

(1) Interest of Employer and employees are the same.

(2) Employees mostly want high wages/salary.

(3) Employer want a low labour cost.

(4) Management of incentives has great value.

**20.** Which one of the following proposed the "ABX" theory of dyadic attraction ?

(1) Header (2) Jones (3) Newcomb (4) Lombardo

**21.** The statement, "Normalcy and Abnormalcy differ in degree not in kind" represents the ________ of abnormalcy.

(1) Deviance Criteria (2) Personal Discomfort Criteria

(3) Statistical Criteria (4) Social Discomfort Criteria

Prepp Your Personal Exam Guide

15. पियाँजे के अनुसार, विकास के पीछे मूलभूत प्रेरक शक्ति कौन सी है ?
(1) अनुकूलन (2) आत्मसात्करण (3) साम्यधारण (4) अंगीकरण

16. निम्नलिखित दो कथनों - **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :
**अभिकथन (A) :** विस्थल विधि स्मृतियों को ज्यों का त्यों व पुनरुद्धार-योग्य रखने में सहायक है।
**तर्क (R) :** परिचित विस्थल पहले से ही हमारी दीर्घकालिक स्मृतियों में संगठित होते हैं।
**कूट :**
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या **नहीं** है।
(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

17. रूढियुक्तियों तथा पूर्वाग्रह में निम्नलिखित अभिनितियों में से कौन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ?
(1) झूठा सर्व सम्मति (2) भ्रमात्मक सहसम्बन्ध
(3) अपक्रमण (4) संपुष्टि

18. निम्नलिखित में से किस ग्रंथि से यौनसांद्राम स्रवित होता है जिसे ग्रंथियों द्वारा स्रवित किया जाता है ?
(1) अधिवृक्क ग्रंथि (एड्रीनल ग्रंथि) (2) अग्र पीयूष ग्रंथि
(3) एड्रीनल कोर्टेक्स (4) पैंक्रियाज

19. टेलर द्वारा प्रतिपादित ''वैज्ञानिक प्रबन्धन'' के स्थापन की मान्यताओं में सम्मिलित नहीं था ?
(1) नियोक्ता (मालिक) तथा कर्मचारी के स्वार्थ एक समान हैं।
(2) कर्मचारी बहुधा उच्च पारश्रमिक/वेतन की इच्छा रखते हैं।
(3) नियोक्त निम्न श्रम-लागत की चाहत रखता है।
(4) प्रलोभनों का प्रबन्धन विशेष महत्व रखता है।

20. निम्नलिखित में से किसने द्विकीय-आकर्षण के "ABX" सिद्धान्त को प्रस्तावित किया था ?
(1) हीड़र (2) जोन्स (3) न्यूकॉम्ब (4) लोम्बाड़ों

21. ''प्रसामान्यता और अपसामान्यता में डिग्री की दृष्टि से अंतर होता हैं, प्रकार की दृष्टि से नहीं'' यह कथन अपसामान्यता को दर्शाता है।
(1) विचलन कसौटी (2) व्यक्तिगत असुविधा कसौटी
(3) सांख्यिकीय कसौटी (4) सामाजिक असुविधा कसौटी

22. According to signal detection theory detection of stimuli depends on :

(a) Their physical energy

(b) Internal factors like relative costs

(c) Absolute threshold

(d) Internal factors like benefits with detecting their presence

**Codes :**

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (c), (a), (d) (4) (a), (b), (d)

23. Which of the following are the sources of error in social cognition ?

(a) Counterfactuals thinking

(b) Thought suppression

(c) Magical thinking

(d) Judging by resemblance

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (a), (b) and (c) (3) (a), (c) and (d) (4) (c) and (d)

24. Match the items of **List - I** with the items of **List - II**. Select the correct response from the answer codes given below :

| **List - I** | **List - II** |
|---|---|
| (a) Latent learning | (i) Learning a response to terminate an aversive stimulus. |
| (b) Cognitive learning | (ii) Occurrence of learning is not evident in behaviour until later. |
| (c) Escape learning | (iii) A change in the way of processing informations as a result of experiences. |
| (d) Avoidance learning | (iv) Learning a response to avoid an aversive stimulus |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**22.** संकेत संज्ञापन सिद्धान्त के अनुसार उद्दीपक का संज्ञापन                    पर निर्भर करता है।

(a) भौतिक ऊर्जा

(b) आन्तरिक कारक जैसे सापेक्षिक मूल्य

(c) निरपेक्ष देहली

(d) आन्तरिक कारक जैसे संज्ञापन के लाभ

**कूट :**

(1) (a), (b), (c)   (2) (b), (c), (d)   (3) (c), (a), (d)   (4) (a), (b), (d)

**23.** निम्नलिखित में से कौन सामाजिक संज्ञान में त्रुटि का स्त्रोत है ?

(a) प्रतिवास्तविक सोच

(b) विचार दमन

(c) जादुई सोच

(d) समरूपता द्वारा निर्णय करना

**कूट :**

(1) (a) और (b)   (2) (a), (b) और (c)   (3) (a), (c) और (d)   (4) (c) और (d)

**24.** नीचे दिये गये कूट की सहायता से **सूची - I** की मदों को **सूची - II** की मदों के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अव्यक्त अधिगम | (i) | किसी विकर्षणात्मक उद्दीपन की समाप्ति के प्रति अनुक्रिया का अधिगम। |
| (b) | संज्ञानात्मक अधिगम | (ii) | व्यवहार में अधिगम की घटना स्पष्ट नही है, केवल बाद में |
| (c) | पलायन अधिगम | (iii) | अनुभव के परिणामस्वरूप सूचना के संस्करण के ढंग में परिवर्तन |
| (d) | परिहार अधिगम | (iv) | विकर्षणात्मक उद्दीपन के परिहार हेतु अनुक्रिया का अधिगम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**25.** The diagram below is an example of :

| The boy | hit | the ball | over the fence |
|---|---|---|---|

(1) Constituents
(2) Linguistic Universals
(3) Morphemes
(4) Underlying representation

**26.** Creativity is considered to be grouded in Right Hemisphere because :

(a) Left Hemisphere specialises in sequential and analytical processes.

(b) Right Hemisphere specialises in global, parallel and holistic processes.

(c) Left Hemisphere is involved in generation of novel ideas.

(d) Creativity involves divergent thinking that is function of right hemisphere.

**Codes :**

(1) (a), (b) and (d) (2) (b), (c) and (a) (3) (d), (b) and (c) (4) (b), (c) and (d)

**27.** Read each of the following two statements :

**Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Being awake disrupts the homeostasis of the body.

**Reason (R) :** Sleep is terminated by a return to homeostasis.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is **not** the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**28.** Which one of the following can be primarily employed to assess creativity ?

(1) Abstract thinking.
(2) Convergent thinking.
(3) Divergent thinking.
(4) Symbolic thinking.

**29.** Which of the following psychologists first empirically established that social stress distort physical health ?

(1) Selye
(2) Lazarus and Folkman
(3) Holmes and Rahe
(4) Srivastava and Pestonjee

25. निम्नलिखित आरेख किसका उदाहरण है ?

| लड़के ने | मारी | गेंद | बाड़ के ऊपर |
|---|---|---|---|

(1) संघटक
(2) भाषाई सार्वभौम
(3) रूपिम
(4) मूलाधार प्रतिरूपण

26. सृजनात्मकता दक्षिणी गोलार्ध में ही पायी जाती है क्योंकि :

(a) वाम गोलार्ध आनुक्रमिक तथा विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं में विशेषीकृत है।
(b) दक्षिणी गोलार्ध वैश्विक, समानान्तर तथा समग्र प्रक्रियाओं में विशेषीकृत है।
(c) वाम गोलार्ध नवीन विचारों के सृजन में संलग्न है।
(d) सृजनात्मकता में अपसारी चिंतन अन्तर्निहित है जो दक्षिणी गोलार्ध का कार्य है।

**कूट :**

(1) (a), (b) और (d) (2) (b), (c) और (a) (3) (d), (b) और (c) (4) (b), (c) और (d)

27. निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** जगे रहने पर शरीर की समस्थिति बाधित होती है।

**तर्क (R) :** समस्थिति की अवस्था में वापस आने पर नींद समाप्त हो जाती है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या **नहीं** है।
(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

28. सर्जकता का मूल्यांकन करने हेतु मुख्यत: निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जा सकता है ?

(1) अमूर्त चिंतन
(2) अभिसारी चिंतन
(3) अपसारी चिंतन
(4) प्रतीक चिंतन

29. निम्नलिखित मनोवैज्ञानिकों में से किसने अनुभवसिद्ध रूप से यह स्थापित किया कि सामाजिक दबाव शारीरिक स्वास्थ्य को खराब करता है ?

(1) सेली
(2) लेज़ारस और फोकमैन
(3) होम्स और राहे
(4) श्रीवास्तव और पेस्तनजी

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** Which of the following two styles of leadership were identified in Ohio State Leadership studies ?

(1) Employees - centered and production - centered

(2) Initiating structure and people oriented

(3) Initiating structure and consideration for relationship

(4) Authoritarian and democratic

**31.** Read each of the following two statements :

**Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** The recognition - by - components (RBC) model provides a method for recognising three dimensional objects across variations in new points.

**Reason (R) :** Any three dimensional object can be generally described according to its parts and their spatial relations.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is **not** the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**32.** Which one of the following may not be put in the category of "Absolute Standard" methods of performance appraisal ?

(1) Critical incidents method

(2) Behaviourally Anchored Rating method

(3) Ranking method

(4) Checklist method

**33.** Match **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer using the codes given below :

| | **List - I (Designs)** | | **List - II (Features)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Randomized block design | (i) | Each subject participates under all experimental conditions. |
| (b) | Factorial design | (ii) | Analyses the data for matched groups |
| (c) | Single-factor repeated measures design | (iii) | Suitable for studying the interactions among the independent variables |
| (d) | Design with a covariate | (iv) | Employs statistical control |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**30.** ओहियो राज्य नेतृत्व अध्ययनों में निम्न में से किन दो नेतृत्व शैलियों की पहचान हुई ?

(1) कर्मचारी-केंद्रित और उत्पादन केंद्रित

(2) उपक्रमी-संरचना और जनमुखी

(3) उपक्रमी-संरचना और सम्बन्धों के प्रति संवेदीकरण

(4) सत्तावादी और जनतांत्रिक

**31.** निम्नलिखित दो कथनों - **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** घटकों द्वारा पहचान (रिकागनीशन-बाई-कम्पोनेंटस (आर बी सी)) माडल दृष्टिकोणों के अंतर में त्रिआयामी वस्तुओं की पहचान के लिए पद्धति उपलब्ध करवाता है।

**तर्क (R) :** किसी भी त्रि-आयामी वस्तु को उसके अंशों तथा उसके स्थानिक संबंधों के अनुसार सामान्यत: वर्णित किया जा सकता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या **नहीं** है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

**32.** निम्नलिखित में से कौन, ''निर्पेक्ष मानक'' विधियों की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है ?

(1) क्रान्तिक-घटना विधि

(2) व्यवहार-आश्रित मूल्य निर्धारण विधि

(3) कोटि-क्रम विधि

(4) सूची-मिलान विधि

**33.** **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित कीजिए तथा निम्नलिखित कूटों का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची - I ( अभिकल्प ( डिजाइन ) )** | | **सूची - II ( अभिलक्षण )** |
|---|---|---|---|
| (a) | यादृच्छिक ब्लॉक अभिकल्प (डिजाईन) | (i) | प्रत्येक प्रयोज्य सभी प्रायोगिक परिस्थितियों में भाग लेते हैं। |
| (b) | कारक अभिकल्प | (ii) | सुमेलित समूहों के लिए आंकड़ों का विश्लेषण करते हैं। |
| (c) | बारंबार मेज़र डिज़ाइन एकल कारक | (iii) | स्वतंत्र चरों के बीच अन्योन्यक्रिया के अध्ययन के लिए उपयुक्त |
| (d) | सहचर के साथ अभिकल्प | (iv) | सांख्यिकीय नियंत्रण का प्रयोग करता है। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**34.** Cultures of honour are characterized by strong norms indicating that aggression is :

(1) an inappropriate response to insults to one's honour.

(2) an appropriate response to regards to one's honour.

(3) an appropriate response to insults to one's honour.

(4) an inappropriate response to regards to one's honour.

**35.** Discovery and understanding of our own abilities bring happiness but also bring fear of new responsibilities and duties. It is called :

(1) Electra complex (2) Jonah complex

(3) Motives conflict (4) Motive to avoid success

**36.** Memory for surprising and consequential events (emotional public events) are known as :

(1) Photographic memory (2) Flash bulb memory

(3) Iconic memory (4) Implicit memory

**37.** Intimacy, Passion and commitment are the components of :

(1) Romantic Love (2) Companionate Love

(3) Infatuated Love (4) Consummate Love

**38.** Which of the following are innate behaviours :

(a) Reflexes (b) Taxes

(c) Fixed Action Patterns (d) Genotype

**Codes :**

(1) (a) and (c) only (2) (a), (b) and (c) only

(3) (a), (c) and (d) only (4) (a), (b), (c) and (d)

**39.** Which one of the following proposed the "response inhibition" theory of extinction ?

(1) Hull (2) Guthrie (3) Tolman (4) Deese

Prepp
Your Personal Exams Guide

**34.** सम्मान की संस्कृति सख्त मानदण्डों के माध्यम से यह दर्शाते हुए अभिलक्षित होती है कि आक्रामकता :

(1) किसी के सम्मान ठेस पहुँचाने के विरुद्ध अनुचित अनुक्रिया है।

(2) किसी के सम्मान को बढ़ाने के प्रति उचित अनुक्रिया है।

(3) किसी के सम्मान को ठेस पहुँचाने के विरुद्ध उचित अनुक्रिया है।

(4) किसी के सम्मान को बढ़ाने के प्रति अनुचित अनुक्रिया है।

**35.** अपनी नई क्षमताओं/योग्यताओं की खोज और उसकी समझ से खुशी मिलती है परंतु साथ ही साथ नई जिम्मेदारियों और कर्त्तव्यों के बोध से भय भी पैदा होता है। यह कहलाता है :

(1) इलेक्ट्रा कॉम्पलैक्स (2) जोन्हा कॉम्पलैक्स

(3) उद्देश्य द्वंद (4) सफलता से बचने का उद्देश्य

**36.** आश्चर्यचकित करने वाली तथा अनुवर्ती घटनाओं की स्मृति (संवेगात्मक सामाजिक घटनाएँ) को क्या कहा जाता है?

(1) फोटोग्राफिक स्मृति (2) क्षणदीप स्मृति

(3) अनुसंकेतक स्मृति (4) अंतर्निहित स्मृति

**37.** घनिष्ठता, अनुराग और प्रतिबद्धता निम्नलिखित में से किसके घटक हैं?

(1) स्वच्छंद प्रेम (2) सखा प्रेम

(3) शारीरिक प्रेम (4) सहवास प्रेम

**38.** निम्नलिखित में से कौन सा अन्तर्जात व्यवहार है?

(a) प्रतिवर्त (b) टैक्सेज

(c) नियत कार्य प्रतिमान (d) जीन प्ररूप (जीनोटाइप)

**कूट :**

(1) केवल (a) और (c) (2) केवल (a), (b) और (c)

(3) केवल (a), (c) और (d) (4) (a), (b), (c) और (d)

**39.** निम्नलिखित में से किसने विलोपन के ''प्रतिक्रिया-अवरोध'' सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था?

(1) हल (2) गथरी (3) टोलमैन (4) ड़ीज़

40. Read each of the following two statements :

**Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** An infant often acts as if objects stop existing when they are moved out of his perceptual range

**Reason (R) :** The infant has not yet developed the object concept.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is **not** the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

41. Rollo May's views on personality development can be described in following sequence :

(1) Physical Dependence - Pychological dependence - Rebellion - ordinary consciousness of self - creative consciousness of self.

(2) Physical dependence - Rebellion - ordinary consciousness of self - self actualization

(3) Psychological dependence - physical dependence - ordinary consciousness of self - creative consciousness of self

(4) Physical dependence - psychological dependence - ordinary consciousness of self-Rebellion-creative consciousness of self.

42. We tend to attribute to another's behaviour to external causes when information is of :

(a) High consensus

(b) Low distinctiveness

(c) High distinctiveness

(d) High consistency

**Codes :**

(1) (a), (b)

(2) (a), (c) and (d)

(3) (b), (c) and (d)

(4) (a), (b) and (d)

43. According to Kohlberg, and are the major reasons of moral behaviour during the stage of conventional morality

(1) Gaining acceptance and Getting rewards

(2) Avoiding censure by others and Achieving justice

(3) Gaining acceptance and Avoiding censure by others

(4) Avoiding censure by others and Achieving justice

40. निम्नलिखित दो कथनों - **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** कोई बच्चा प्राय: ऐसा कार्य करता है मानो कि कोई वस्तु नहीं है जब उसे उसके प्रात्यक्षिक क्षेत्र से हटा दी जाती है।

**तर्क (R) :** बच्चे की वस्तु-अवधारणा अभी विकसित नहीं हुई है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या **नहीं** है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

41. व्यक्तित्व विकास के संबंध में रोलो मे के विचारों को निम्नलिखित क्रम में वर्णित किया जा सकता है :

(1) भौतिक निर्भरता-मनोवैज्ञानिक निर्भरता-विद्रोह-आत्म की सामान्य सचेतनता-आत्म की सृजनात्मक सचेतनता

(2) भौतिक निर्भरता-विद्रोह-आत्म की सामान्य सचेतनता-आत्म वास्तविकीकरण

(3) मनोवैज्ञानिक निर्भरता-भौतिक निर्भरता-आत्म की सामान्य सचेतनता-आत्म की सृजनात्मक सचेतनता

(4) भौतिक निर्भरता-मनोवैज्ञानिक निर्भरता-आत्म की सामान्य सचेतनता-विद्रोह-आत्म की सृजनात्मक सचेतनता

42. हम दूसरों के आचरण के लिए बाह्य कारणों को उस स्थिति में उत्तरदायी मानने हेतु प्रवृत होते हैं जब सूचना का प्रकार होता है :

(a) बहुमतैक्य (b) अल्प भिन्नता

(c) अति भिन्नता (d) अति एकरूपता

**कूट :**

(1) (a), (b) (2) (a), (c) और (d) (3) (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (d)

43. कोल्हबर्ग के अनुसार परंपरागत नैतिकता चरण के दौरान नैतिक व्यवहार के मुख्य कारण और है।

(1) स्वीकृति हासिल करना और पुरस्कार प्राप्त करना

(2) दूसरों द्वारा निंदा की जाने से बचना तथा न्याय प्राप्त करना

(3) स्वीकिृति प्राप्त करना तथा दूसरों द्वारा निंदा की जाने से बचना

(4) दुसरों द्वारा निंदा की जाने से बचना तथा न्याय प्राप्त करना

**44.** Match the **List - I** and **List - II** ; and select the **correct** answer from the codes given below :

| **List - I** | | **List - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Sufficient cause | (i) | A condition, existence of which guarantee for the genesis of a mental disorder |
| (b) | Reinforcing cause | (ii) | A condition that tends to maintain maladaptive behaviour that has already occured |
| (c) | Contributory cause | (iii) | A condition that occurs relatively in early life and may not show its effect for many years |
| (d) | Distal cause | (iv) | A condition that increases the probability of a disorder |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**45.** Match **List - I** with **List - II** and choose your answer by using the codes given below :

| **List - I (Name)** | | **List - II (Feature)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Template Matching Model | (i) | The extent to which Spatial relations deviate from the prototype. |
| (b) | Feature Matching Model | (ii) | Description of three dimensional objects according to their parts and spatial relations. |
| (c) | Recognition-by-Component Model | (iii) | Visual analysis detects colours and edges |
| (d) | Configuration Model | (iv) | Recognition of bar codes and finger prints. |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**46.** Which of the following statements are true about the principal components analysis ?

(a) Unities (values of 1) are retained in the diagonal spaces of the correlation matrix.

(b) The first principal component explains maximum variance.

(c) Principal components analysis follows common factor model.

(d) Principal components analysis yields oblique unrotated factors.

**Codes :**

(1) (a) and (b) only (2) (a) and (d) only

(3) (b) and (c) only (4) (a), (b) and (d) only

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** **सूची - I** और **सूची - II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर चुनिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
